निबंधन एवं शर्तें

परामर्शदाता- टीका एवं सम्बद्ध सामग्री : (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका एवं उत्तरदायित्व:

1. लॉजिस्टिक्स, इन्वेन्टरी, स्टॉक निगरानी, वस्तुओं की सुचारु आपूर्ति स्टाकिंग की अधिकता व कमी को रोकने के लिए निगरानी हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों व जीएमएसडी के साथ समन्वयन।
2. निर्धारित अनुसूची के अनुसार राज्य परेषिती बिंदुओं व सरकारी मेडिकल स्टोर्स डिपो (जीएमसीडी) को वस्तुओं की समय से आपूर्ति करने हेतु प्रापण प्रभाग के साथ समन्वयन व राज्य परेषिती बिंदुओं को आपूर्ति हेतु सरकारी मेडिकल स्टोर्स डिपो के लिए जारी आदेश को तैयार करना।
3. आवंटित समय, मात्रा व गुणवत्ता के अनुसार अनुसूची परेषिती के अनुसार वस्तुओं की समय से सुपुर्दगी हेतु आपूर्तिकर्ता के साथ समन्वयन।
4. समय अनुसूची, गुणवत्ता व मात्रा के अनुसार आपूर्तियों की पुष्टि हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों व जीएमसीडी के साथ करीबी समन्वयन।
5. वस्तुओं के प्रापण व आपूर्ति हेतु यूनीसेफ के साथ संपर्क बनाना व फॉलो-अप करना।
6. विदेशी आपूर्तियों हेतु सीमा-शुल्क से संबंधी आवश्यक दस्तावेजों की तैयारी के लिए यूनीसेफ व घरेलू लॉजिस्टिक साझेदारों के साथ फॉलो-अप करना।
7. भारत सरकार के निर्देश के अनुरुप प्रतिरक्षण प्रभाग के लिए बजट की उपलब्धता एवं आपूर्ति के अनुसार अनुदान संबंधी बजट की तैयारी में सहायता करना।
8. भारत सरकार के वित्त नियमों के अनुसार प्रतिरक्षण प्रभाग को आवंटित अनुदान बजट का बड़े और छोटे शीर्षों में बजट ब्रेक-अप की तैयारी में सहायता करना।
9. भारत सरकार के वित्तीय दिशा-निर्देश के अनुरुप व्यय बुकिंग हेतु राज्यों से टीका पहुँच रिपोर्ट की प्राप्ति के लिए राज्यों से अनुवर्ती कार्रवाई ।
10. माह में की गई वास्तविक आपूर्तियों के अनुसार आपूर्ति व लागत मूल्यांकन शीट तैयार करना और उपर्युक्त को भिन्न-भिन्न श्रेणी में श्रेणीबद्ध करना।
11. आपूर्ति वस्तु पर हुए वस्तु व्यय के समायोजन हेतु सभी संबंधित दस्तावेजों की तैयारी करना।
12. सभी आंतरिक व बाहरी (बजट, एनएचएम वित्त, संकलन प्रभाग आदि) के साथ करीबी समन्वयन व फॉलो-अप तथा पणधारियों के सभी प्रश्नों का जवाब देना।
13. सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अनुरुप व माह में हुए वस्तु व्यय के बजट शीर्ष ब्रेक-अप के अनुसार स्वीकृतियां तैयार करना।
14. जीएमएसडी व राज्य एवं जिला टीका लॉजिस्टिक प्रबंधकों के साथ समीक्षा प्रक्रिया का समन्वय।
15. मैक्रो प्लान की तैयारी व नेमी प्रतिरक्षण में सुधार के लिए व्यापक कार्यनीतिक योजना का विकास में उपायुक्त (प्रतिरक्षण), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को सहायता प्रदान करना।
16. कार्यक्रम कार्यान्वियन योजनाओं (पीआईपी) के मूल्यांकन में सहायता।
17. उपायुक्त (प्रतिरक्षण) द्वारा दिया गया कोई अन्य कार्य।

अर्हताएं:

1. प्रबंधन या अन्य किसी संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा।
2. नेमी प्रतिरक्षण संबंधी टीके, सिरिंज व कोल्ड चेन की आपूर्तियों की योजना व हैंडलिंग में कम से कम 2 वर्ष से अधिक राष्ट्रीय स्तर का अनुभव।
3. कम्प्यूटर का ज्ञान व प्रवीणता विशेषकर एमएस ऑफिस में।
4. अंग्रेजी लिखने व बोलने का ज्ञान व हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान।

5. उन अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी जिन्होंने राष्ट्रीय या राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/ आरसीएच में कार्य किया हो।
6. उच्च गुणवत्ता के प्रकाशित कार्य या विशिष्ट प्रासंगिकता का कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव व आयु को शिथिल किया जा सकता है।

वांछनीय:

1. टीके, सिरिंज व कोल्ड चेन की नेमी प्रतिरक्षण संबंधी आपूर्तियों की योजना व हैंडलिंग का अनुभव।

आयु: आवेदन की अंतिम तिथि को 55 वर्श तथा अत्यधिक फील्ड दौरे करने हेतु अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक: अर्हता और अनुभव के अनुसार प्रतिमाह 40,000 रुपए से 90,000 रुपए के बीच ।

स्थान: नई दिल्ली, राज्यों जिलों के दौरे अपेक्षित।

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **17-Oct-2017 अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।